## खास-खबरें

### पुलिस ने 2.1 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को दबोचा

थाना गोपालपुर जिला सीहोर

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदा:** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गोपालपुर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 72 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत तथा एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान शब्दर पिता हुसैन शाह निवासी गोपालपुर तथा सद्दाम पिता बल्ला शाह निवासी ग्राम अतवास, थाना सतवास (देवास) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में दोनों आरोपियों के पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 22 हजार रुपये है। इसके अलावा गांजा परिवहन में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है।

### वन्यजीवों के अंगों की तस्करी का भंडाफोड़, पति-पत्नी गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन:** महाकाल मंदिर क्षेत्र के पास वन विभाग ने वन्यजीवों के अंगों की अवैध तस्करी के आरोप में एक पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अंग और उल्लू के नाखून बरामद किए गए हैं। वन विभाग ने दोनों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदिर क्षेत्र में तंत्र-मंत्र के नाम पर वन्यजीवों के अंग बेचे जा रहे हैं। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के बैग से 24 नग कथित 'हत्था जोड़ी' (मॉनिटर लिजार्ड से संबंधित अंग) तथा चार उल्लू के नाखून बरामद किए गए।

### उदमर्दा खेड़ी रेलवे ओवरब्रिज पर फिर उभरे गड्ढे, लोगों ने की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत की मांग

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदा:** गंजबासौदा-उदयपुर मार्ग पर स्थित उदमर्दा खेड़ी रेलवे ओवरब्रिज की हालत एक बार फिर खराब हो गई है। पुल के एक हिस्से में गहरा गड्ढा बन गया है, जबकि रेलिंग भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इससे प्रतिदिन गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार ओवरब्रिज पहले भी कई स्थानों से जर्जर हो चुका था। पुल के बीच बने गड्ढों से सरिया तक बाहर दिखाई देने लगा था। शिकायतों के बाद करीब तीन महीने पहले 'लोक पथ' एप पर दर्ज शिकायत के आधार पर अधिकारियों ने निरीक्षण कर मरम्मत कराई थी, लेकिन मरम्मत की गुणवत्ता ठीक नहीं होने से पुल की स्थिति फिर खराब हो गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। रामसेवक कुशवाहा और लालाराम अहिरवार ने बताया कि रेलवे अधिकारियों से शिकायत करने पर उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि पुल उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आता। क्षेत्रवासियों ने पुल की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराने की मांग की है। इसके लिए कई लोगों ने ऑनलाइन शिकायत और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से भी मामला उठाने की बात कही है, ताकि जल्द स्थायी समाधान हो सके।

### सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जिम्मेदार अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन:** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि तय समयसीमा में कार्य पूरे नहीं करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयों तक सीमित रहने के बजाय नियमित रूप से निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### स्व. नाथूराम जेलर साहब की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में किया 50 युनिट रक्तदान

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोर:** कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गंज, प्रवेश परिहार के नेतृत्व में स्व. नाथूराम जेलर साहब (दादाजी) की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें विशेष रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम यादव ,पार्षद विवेक राठौर उपस्थित रहे। स्वर्गीय नाथूराम जेलर साहब (दादाजी) की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रवेश परिहार जी के नेतृत्व में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवियों, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया। प्रवेश परिहार ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा करने का सबसे बड़ा माध्यम है।

# 'शक्ति ट्रेवल्स' बस ने परिवार को रौंदा पिता और बेटे की मौत, मां-बेटा घायल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन :** रायसेन जिले के बेगमगंज में शनिवार दोपहर एक दिलदहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। जहां 'शक्ति ट्रेवल्स' की एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बस ने मोटरसाइकिल सवार परिवार को रौंद दिया। इस भीषण भिड़ंत में पिता और उनके 5 साल के मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और 3 साल का दूसरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना सागर-भोपाल रूट पर बेगमगंज थाना इलाके में घटित हुई। कालापाठा गांव का रहने वाला पूरन आदिवासी मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता था। शनिवार को वह अपनी पत्नी संध्या और दो मासूम बेटों के साथ अपनी ससुराल आलमपुर से बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही शक्ति ट्रेवल्स की तेज रफ्तार बस ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक चला रहे पूरन आदिवासी और उनके 5 वर्षीय बेटे डब्बू आदिवासी की मौके पर ही सांसें थम गईं। हादसे की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के प्रभाव से मासूम बच्चे का सिर धड़ से अलग हो गया। वहीं, मोटरसाइकिल पर सबसे आगे बैठा 3 साल का छोटा बेटा टक्कर लगते ही हवा में उछलकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरा, जिससे उसकी जान तो बच गई, लेकिन उसे और उसकी मां संध्या को गंभीर चोटें आई हैं।

एक्सीडेंट होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई और बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। घबराए यात्री आनन-फानन में बस से नीचे उतर आए। उधर, खुद को घिरता देख आरोपी बस चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बेगमगंज थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों व शवों को तुरंत बेगमगंज अस्पताल भिजवाया। इसके बाद पुलिस ने बस में फंसे यात्रियों को दूसरी बस की व्यवस्था कराकर उनके गंतव्यों के लिए रवाना किया।

क्षेत्र के लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है, क्योंकि पिछले चार दिनों के भीतर शक्ति ट्रेवल्स की बस से जुड़ा यह दूसरा बड़ा और जानलेवा हादसा है। इससे पहले भोपाल रोड पर इसी ट्रेवल्स की एक बस ने मोटरसाइकिल सवारों को कुचल दिया था, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। फिलहाल, बेगमगंज पुलिस ने बस को जप्त कर थाने में खड़ा करवा लिया है और फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## नाले में डूबने से पांच वर्षीय मासूम की मौत, गांव में पसरा मातम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा:** लगातार बारिश के बीच थाना भैरूंदा क्षेत्र के ग्राम रिठबाड़ में दर्दनाक हादसे में पांच वर्षीय मासूम की नाले में डूबने से मौत हो गई। शनिवार सुबह करीब एक किलोमीटर दूर नाले से बच्चे का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम रिठबाड़ निवासी डुग्गू (5) शुक्रवार शाम अपने दादा और बहन के साथ गांव के चौक पर गया था। इसी दौरान दादा अन्य लोगों के साथ ताश खेलने में व्यस्त हो गए, जबकि दोनों बच्चे पास में खेलते-खेलते नाले की ओर पहुंच गए। तेज बहाव के बीच डुग्गू का पैर फिसल गया और वह नाले में बह गया। कुछ देर बाद बहन ने भाई को साथ नहीं देखा तो परिजनों को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही ग्रामीणों और पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू की। देर रात तक चले सर्च अभियान में सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह दोबारा शुरू की गई तलाश के दौरान हाथघाट मार्ग के पास नाले से बच्चे का शव बरामद हुआ। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में हादसा तेज बहाव वाले नाले में फिसलकर गिरने से होना माना जा रहा है।

पुलिस और प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में बच्चों को नदी-नालों और जलभराव वाले स्थानों के पास अकेला न जाने दें। साथ ही जलमग्न पुलिया, रपटों और तेज बहाव वाले मार्गों को पार करने से बचें, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है।

## मशहूर शायर दानिश अलीगढ़ी को 23वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम:** मशहूर शायर दानिश अलीगढ़ी की 23वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। साहित्यकारों, कवियों, शायरों, सामाजिक संगठनों और वरिष्ठ नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनकी साहित्यिक सेवाओं को याद किया। दानिश अलीगढ़ी के ज्येष्ठ पुत्र जावेद खान ने बताया कि उनकी स्मृति में आयोजित पुष्पांजलि समारोह में वरिष्ठ पत्रकारों, समाजसेवियों तथा रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मंसूर अली पटौदी, रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के चांद खान खांवरिष्ठ समाजसेवी अरविंद पांडे, ओजस तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने दानिश अलीगढ़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

एक अन्य कार्यक्रम में पूर्व महापौर पारस सकलेचा ने कार्यकर्ताओं के साथ दानिश अलीगढ़ को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दानिश अलीगढ़ अपनी संवेदनशील शायरी के माध्यम से समाज की नब्ज़ को पहचानने वाले सशक्त रचनाकार थे।

### पेट्रोल पंप के सामने बाइक में लगी आग

**गंजबासौदा।** शहर के तिरंगा चौराहा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने शनिवार को हीरो होंडा मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बाइक पेट्रोल पंप के ठीक सामने होने से बड़ा हादसा होने की आशंका बन गई थी। घटना के दौरान पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आग पेट्रोल पंप तक नहीं पहुंची और संभावित बड़ा हादसा टल गया। आग लगने से बाइक आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई, जबकि चालक पूरी तरह सुरक्षित रहा। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

## मुरम खदान के पानी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत, तीन को बचाया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** सीहोर जिले के आष्टा क्षेत्र में शनिवार को एक बेहद दुखद घटना सामने आई। जहां ग्राम बागेर स्थित एक मुरम खदान के गहरे पानी में नहाने गए दो 12 वर्षीय बच्चों की डूबने से मौत हो गई, जबकि उनके तीन साथियों को सुरक्षित बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस वक्त हुआ जब ग्राम बापचा के रहने वाले पांच बच्चे नहाने के लिए पास के ही ग्राम बागेर में स्थित एक मुरम खदान पहुंचे थे। बारिश के कारण इस खदान में भारी मात्रा में पानी भरा हुआ था और एक गहरा गड्ढा बन चुका था। पांचों बच्चे पानी में उतरकर नहा रहे थे, कि तभी अचानक नहाते-नहाते दो बच्चे अनजाने में गहरे पानी की तरफ चले गए। पानी की गहराई अधिक होने के कारण दोनों बच्चे खुद को संभाल नहीं पाए और देखते ही देखते पानी में डूब गए।

हादसे में जान गंवाने वाले दोनों बच्चों की पहचान समर (12 वर्ष) पुत्र जितेंद्र निवासी बापचा दोनिया और समर (12 वर्ष) पुत्र संतोष निवासी बापचा के रूप में हुई है। घटना की सूचना लगते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को पानी से बाहर निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। परिजन दोनों मासूमों को तुरंत आष्टा के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम भी अस्पताल और मौके पर पहुंच गई। आष्टा सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. अमित माथुर ने बताया कि डूबने के कारण दोनों बच्चों की मौत हुई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में गहरी शोक की लहर फैल गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लक्ष्मण ने शूर्पणखा की नाक काटी तो रावण ने किया सीता का हरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में श्री रामायण रामलीला मंडल के तत्वाधान में प्रयाग राज के कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।

मंदिर परिसर में जारी रामलीला मंचन में भगवान श्रीराम के वनवास के उपरांत वन में विचरण करते हुए शूर्पणखा ने भगवान को देखकर मोहित हो गई। उसके उपरांत रावण ने माता सीता का हरण किया, इसका मंचन किया गया। सीता हरण दृश्य का मंचन हुआ। पंचवटी में जब शूर्पणखा राम, लक्ष्मण व सीता को परेशान करती है। किसी भी प्रकार से नहीं मानती तो गुस्से में आकर लक्ष्मण शूर्पणखा की नाक और कान काट देता है।

शूर्पणखा पहले अपने भाइयों खर व दूषण के पास जाती है। वे राम और लक्ष्मण के साथ लड़ने के लिए आते हैं। इसके बाद शूर्पणखा अपने भाई रावण के पास जाती है और सारी बात बताती है। जब रावण को सीता के बारे में पता चलता है तो वह उसे धोखे से हरण करने की योजना बनाता है। इसमें उसका मामा मारीच साथ देता है जो हिरण का रूप धारण करके सीता की कुटिया के पास जाता है। सीता खूबसूरत हिरण को देख कर अपने पति श्रीराम को हिरण पकड़ कर लाने की जिद्द करती है।

सीता हरण का दृश्य दिखाया गया। शूर्पणखा राम पर मोहित होकर उनसे विवाह करने को कहती है। समझाने के बावजूद न मानने पर शूर्पणखा की नाक काट दिए जाते हैं।

शूर्पणखा अपने अपमान की बात भाई रावण से बताती है। रावण क्रोध में आकर सीता का हरण कर लेता है। मंचन के दौरान कलाकारों के साथ संत माधवदास महाराज, महंत बृजेश शर्मा, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट और आयुष गुप्ता आदि ने आरती की।

### सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

**गंजबासौदा।** जिला एवं अपर सत्र न्यायालय ने सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले में दो दोषियों को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर ने वैज्ञानिक साक्ष्यों, डीएनए रिपोर्ट और पीड़िता सहित अन्य गवाहों के बयानों के आधार पर यह फैसला सुनाया।

शासकीय अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि पीड़िता ने 19 मार्च 2022 को बासौदा देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, दोनों आरोपियों ने उसे काम दिलाने के बहाने बुलाया और बेतवा नदी किनारे सुनसान स्थान पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया।

घटना के बाद आरोपियों ने किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता आरोपियों के चंगुल से निकलकर मुख्य सड़क तक पहुंची और परिचितों की मदद से थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### शासकीय सेवा में कर्मचारी हितों को सर्वोपरि रखने वाले हमेशा याद किए जाते हैं : विधायक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** शासकीय सेवा के दौरान जो अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को समझकर उनके हित में काम करते हैं, वे अपनी एक अलग पहचान बना लेते हैं।

संयुक्त संचालक वित्त जी.एल. गुवाटिया ने भी शाजापुर जिले में अपनी इसी कार्यप्रणाली से कर्मचारियों के बीच एक गहरी छाप छोड़ी है। यही कारण है कि तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल के पद पर उनका प्रमोशन और स्थानांतरण होने पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा उनके सम्मान में शनिवार को एक समारोह आयोजित किया गया, जहां उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री व जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार ने की। इस मौके पर विधायक भीमावद ने गुवाटिया के कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाध्यक्ष डॉ. पांडे ने उन्हें नई जगह पर भी प्रधानमंत्री के मिशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं, रघुवीर सिंह पंवार ने गुवाटिया के साथ अपने 35 वर्षों के पुराने संबंधों को मंच से साझा किया। उन्होंने जिला कोषालय व पेंशन अधिकारी के रूप में गुवाटिया द्वारा किए गए कर्मचारी हितैषी कार्यों और सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार जताया।

### आज होगा 'त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान'

**नईदुनिया प्रतिनिधि ,रतलाम:** इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में विश्व के सबसे गर्म शहरों में शामिल रहे रतलाम को फिर से हरित और शीतल बनाने के उद्देश्य से 5 जुलाई से 'त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान' शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत 5 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक रतलाम-शिवगढ़ रोड स्थित भाई-बहन की पहाड़ी पर बरगद, पीपल और नीम की त्रिवेणी का वृहद स्तर पर रोपण किया जाएगा।

महाअभियान की तैयारियों को लेकर 5 जुलाई को शाम 4 बजे विधायक सभागृह, बरबड़ रोड पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में शहर के प्रबुद्धजन, पर्यावरणविद, प्रकृति प्रेमी, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा स्वयंसेवक शामिल होंगे। इस अवसर पर अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया जाएगा तथा अभियान की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी जाएगी। महाअभियान चरणबद्ध तरीके से संचालित होगा।

### शराब की लत के कारण टूटा था रिश्ता, अब निजी तस्वीरें वायरल कर तुड़वाई युवती की दूसरी सगाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** जिले में बदले की भावना और मानसिक प्रताड़ना का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक सिरफिरे पूर्व मंगेतर ने अपनी ही पूर्व मंगेतर की जिंदगी में इस कदर जहर घोल दिया कि उसकी नई शुरुआत ही तबाह हो गई। शराब की लत के कारण दो साल पहले टूटा रिश्ता आरोपी को इस कदर नागवार गुजरा कि उसने युवती की दूसरी जगह तय हुई सगाई भी उसकी पुरानी निजी तस्वीरें ससुराल पक्ष को भेजकर तुड़वा दी। इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा युवती को जान से मारने की धमकी देने और सरेआम पीछा कर प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनबड़ोदिया थाना क्षेत्र की रहने वाली 28 वर्षीय पीड़िता ने अपने पिता और चाचा के साथ थाने पहुंचकर नामजद शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में उसकी सगाई ग्राम खेड़ा बमोरी के रहने वाले विजय नामक युवक के साथ तय हुई थी। रिश्ते में बंधने के कारण उस वक्त दोनों के बीच सामान्य बातचीत होती थी और इसी दौरान कुछ निजी तस्वीरें भी ली गई थीं। हालांकि, कुछ समय बाद ही युवती और उसके परिवार को विजय की शराब की लत के बारे में पता चल गया। इसके चलते वर्ष 2022 में दोनों परिवारों ने आपसी सहमति से यह रिश्ता खत्म कर दिया था, लेकिन सगाई टूटने के बाद भी आरोपी विजय लगातार फोन कर पीड़िता को मानसिक रूप से परेशान करता रहा। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि 28 मई को आरोपी ने उसे व्हाट्सएप पर कॉल किया और धमकी दी कि यदि उसने कहीं और शादी की, तो वह उसे जान से मार देगा। इन धमकियों के बीच जब 31 मई को युवती का रिश्ता दूसरी जगह तय हो गया, तो बौखलाए आरोपी ने उसकी पुरानी निजी तस्वीरें होने वाले ससुराल वालों को भेज दीं।

**स्पेशल खबर** मेरा युवा भारत विदिशा द्वारा अनुभवात्मक प्रशिक्षण भी संपन्न

## श्रीहरि वृद्धाश्रम में युवाओं ने वरिष्ठजनों की सेवा कर सीखे जीवन के सूत्र

श्री हरि वृद्धाश्रम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** श्रीहरि वृद्धाश्रम विदिशा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत जिला विदिशा द्वारा समाज में सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनुभवात्मक प्रशिक्षण (एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम) का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, सहानुभूति और सेवा भाव से जोड़ते हुए उन्हें सामाजिक दायित्वों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में युवा स्वयंसेवकों ने श्रीहरि वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के साथ आत्मीय समय बिताया। उन्होंने वरिष्ठजनों से संवाद कर उनके जीवन संघर्ष, अनुभव और मूल्यों को जाना तथा उनसे प्रेरणा प्राप्त की। स्वयंसेवकों ने बुजुर्गो को प्रेमपूर्वक भोजन परोसकर उनकी सेवा की और उनके साथ बैठकर आत्मीय चर्चा की। इस दौरान मनोरंजक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिससे वृद्धजनों और युवाओं के बीच अपनत्व का भाव और अधिक प्रगाढ़ हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं ने समाज के प्रति अपने दायित्वों को निकट से समझा। वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और मार्गदर्शन से उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को सीखने का अवसर मिला। यह पहल पीढ़ियों के बीच संवाद को मजबूत करने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुई।

कार्यक्रम में स्वयंसेवक रोहन सैनी, विवेक नामदेव, शाश्वत जैन एवं लेखराज डांगी ने सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका निभाई। उनकी सेवा भावना और समर्पण की सभी ने प्रशंसा की।

इस अवसर पर मेरा युवा भारत, जिला विदिशा की उप निदेशक श्रीमती आकांक्षा महावेरिया, एमटीएस ओमप्रकाश नामदेव, श्री हरि वृद्धाश्रम के प्रबंधक वेदप्रकाश शर्मा सहित आश्रम के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, देखभाल एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।